**Seventeenth Loksabha**

an>

Title : To construct overbridge on Sitapur-Gola marg 51A crossing

**श्री राजेश वर्मा (सीतापुर):** माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे शून्य काल में अपने संसदीय क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण प्रश्न पर बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ। मेरा संसदीय क्षेत्र सीतापुर उत्तर प्रदेश में आता है। वहाँ के लिए हमने माननीय रेल मंत्री जी से एक रेलवे उपरगामी सेतु की माँग की थी। हमारे सीतापुर-गोला मार्ग के 51ए क्रॉसिंग पर एक उपरगामी सेतु की आवश्यकता है। अभी वहाँ पर समपार फाटक है। वहाँ पूरे दिन जाम लगा रहता है। 24 घंटे में 42 से 45 गाड़ियों का आवागमन होता है। हमारे शहर के मध्य में रेल लाइन पड़ती है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ कि इस पर गंभीरता से विचार करें। मैं आपके संज्ञान में यह भी लाना चाहूँगा कि मैंने व्यक्तिगत रूप से मिलकर माननीय मंत्री जी को पत्र भी दिया था। उन्होंने मुझे पॉजिटिव रेस्पॉन्स भी दिया है। चूंकि सदन में माननीय मंत्री जी बैठे हैं, इसलिए मैं उनका ध्यान फिर से आकृष्ट करना चाहता हूँ। इस भयंकर समस्या का निदान करने के लिए आप निश्चित रूप से कार्रवाई करें। आप इस उपरगामी सेतु के निर्माण के लिए अपना निर्देश प्रदान करें। धन्यवाद।